कुल प्रश्नों की संख्या :45 | कुल पृष्ठों की संख्या : 08

Total No. of Question: 45 | Total No. of Pages: 08

# 201

## विषय : हिन्दी

## Subject: HINDI

समय : 03 घण्टे | पूर्णांक : 100

Time: 03 Hours | Maximum Marks: 100

---

*निर्देशः–*

*(1) प्रश्न पत्र कुल 100 अंकों का है तथा दो खण्डों में विभाजित है। दोनों खण्ड हल करना अनिवार्य है।*

*(2) खण्ड (क) पूर्णतः वस्तुनिष्ठ प्रश्नों पर आधारित है। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का प्रकार बहुविकल्पीय है तथा प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।*

*(3) खण्ड (ख) में अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय तथा दीर्घ उत्तरीय प्रश्न पूछे गये हैं। सभी प्रश्नों के सामने उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।*

mpcareer.in

## खण्ड–क

**समय** : **30 मिनट** **पूर्णांक** : **25**

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर उत्तर – तालिका में (√) का निशान लगाइये।

1. भारत की सबसे प्राचीन भाषा कौन सी है?
   (अ) हिन्दी
   (ब) अंग्रेजी
   (स) संस्कृत
   (द) उर्दू

2. आम आदमी का शोषण करने वाले कहलाते हैं :–
   (अ) अवसर वादी
   (ब) पूंजी वादी
   (स) साम्यवादी
   (द) गाँधीवादी

3. अगल धवल से क्या आशय है?
   (अ) सफेद
   (ब) काला
   (स) नीला
   (द) पीला

4. कबीर दास की भाषा थी :–
   (अ) खड़ी
   (ब) साधुकड़ी
   (स) ब्रज
   (द) अवधी

5. आलस्य में कौन सो रही है?
   (अ) ननद
   (ब) भाभी
   (स) बहिन
   (द) सखि

6. साधकों ने दैहिक दैविक और भौतिक कष्टों को कहा है :–
   (अ) पाप
   (ब) श्राप
   (स) ताप
   (द) आप

mpcareer. in

7. माँ की बीमारी का पता लगते ही बनवारी खुश हो गया क्योकि :—
(अ) वह सधारण बीमारी थी
(ब) इससे उसका बेतन बढ़ जाता
(स) इसका इलाज मंहगा नहीं होता
(द) इससे सरकारी मकान मिल जाता

8. अखबार के मुख्य रुप से कितने भाग होते है?
(अ) आठ
(ब) दस
(स) बारह
(द) तेरह

9. कमियों को दूर करता है :—
(अ) मित्र
(ब) शत्रु
(स) गुरु
(द) साधू

10. उत्तरांचल में .................. समुदाय के लोग पाये जाते है :—
(अ) थारु
(ब) कुरमी
(स) संथाल
(द) भील

11. मानव शरीर है :—
(अ) जड़पिंड
(ब) चेतन पिंड
(स) गैस पिंड
(द) द्रव पिंड

12. श्री कृष्ण को गिरधर गोपाल किसने कहा?
(अ) सूरदास
(ब) तुलसी दास
(स) केशवदास
(द) मीरा



mpcareer. in

13. शहरी परिवेश मनुष्य को कैसा बना देता है?
 (अ) परोपकारी
 (ब) उदार
 (स) आत्म केन्द्रित
 (द) सहृदय

14. पुश्तैनी कौन सा शब्द है?
 (अ) फारसी
 (ब) उर्दू
 (स) अरबी
 (द) हिन्दी

15. अब घबराना नहीं माँ संकट के दिन कट गये। अब सब ठीक हो जायेगा। यह कथन किसका है?
 (अ) कुसुम
 (ब) सुमित्रा
 (स) बनवारी
 (द) लाजो

16. इलेक्ट्रानिक अखबारों को पढ़ा जा सकता है सिर्फ :–
 (अ) टेलीबिजन पर
 (ब) कम्प्यूटर पर
 (स) रेडियो पर
 (द) कागज पर

17. मरा हुआ हाथी होता है :–
 (अ) एक लाख का
 (ब) दस लाख का
 (स) दो लाख का
 (द) बिना मूल्य का

18. निर्वेद कौन सा रस का स्थायी भाव है :–
 (अ) वात्सल्य रस
 (ब) हास्य रस
 (स) श्रृंगार रस
 (द) शांत रस



mpcareer.in

19. शब्द के पूर्व जुडने वाले शब्द को कहते हैं :–

(अ) प्रत्यय

(ब) उपसर्ग

(स) विशेषण

(द) समास

20. भाई बहिन में कौन सा समास है?

(अ) दिगु

(ब) कर्मधारय

(स) बहुब्रीह

(द) द्रन्द समास

21. आदमी निन्दा का पात्र होता है:

(अ) सुरापान नहीं करना

(ब) साधुओं का सत्संग करता है

(स) अच्छे कर्म नहीं करता

(द) धन को इकट्ठा नहीं होने देता

22. भक्षक कोशिकाऍं नष्ट कर देती हैं :–

(अ) रोगाणुओं को

(ब) शरीर को

(स) त्वचा को

(द) रक्त को

23. मधुपुरी से आशय है :–

(अ) बरसाना

(ब) वृन्दाबन

(स) गोकुल

(द) मथुरा

24. ग्राफिक में किस बात का होना आवश्यक नहीं होता :–

(अ) सूचनाएँ

(ब) आँकड़े

(स) चित्र

(द) व्यंग्य



mpcareer.in

25. 'पीपर पात सरिस मन डोला' कौन सा अलंकार है?

(अ) रुपक

(ब) उत्प्रेक्षा

(स) यमक

(द) उपमा

## खण्ड–ख

**समय** : 2:30 घण्टे **पूर्णांक** : 75

प्र.1 बगुला समाज के किस वर्ग का प्रतीक है? (2)

प्र.2 गगन के लोहित होने से क्या अभिप्राय है? (2)

प्र.3 बस कन्डक्टर ने कौन–कौने सी भूमिकाएँ निभाई? (2)

प्र.4 देश के शोषित कमजोर गरीब व्यक्ति को प्रेरणास्त्रोत क्यों कहा गया? (2)

प्र.5 बहादुर अपने घर से क्यों भागा? (2)

प्र.6 अंबर पनघट में ताराघट कौन डुबो रही है? (2)

प्र.7 आज की नारी की क्या विशेषताएँ है? स्पष्ट कीजिए। (3)

प्र.8 गुलाब की प्रतीकात्मकता को समझाइए। (3)

प्र.9 कबीर की भाषा की विशेषताएँ बतलाइए। (3)

प्र.10 यात्रावृतांत की भाषा शैली पर उदाहरण सहित टिप्पणी कीजिए। (3)

प्र.11 हमारे जीवन में समाचारों की क्या उपयोगिता है? (3)

प्र.12 ''देनहार कोऊ और है'' में देनहार किसे बताया गया है? (3)

प्र.13 आदिवासी जन समुदायों के प्रमुख व्यवसाय कौन–कौन से हैं? सरकार इनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए क्या–क्या कदम उठा रही है? (3)

प्र.14 (अ) निम्नलिखित में से किन्ही दो शब्दों का संधि विच्छेद कीजिए :–

निरक्षर, परमानंद, वागीश (1)

(ब) किन्ही दो शब्दों का विलोम शब्द लिखिए :–

सदाचार, ईश्वर, उत्कर्ष (1)

(स) निम्न मुहावरों का अर्थ लिख कर वाक्यों में प्रयोग कीजिए :–

आँख खुलना, हाथ मलना (2)

mpcareer. in

प्र.15 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए :– **(4)**

(1) तुम तुम्हारी पुस्तक ले जाओ।

(2) आकाश बहुत उच्च है।

(3) यह उसका छोटा सा बेटा है।

(4) पक्षी पैड पर बैठा है।

प्र.16 निम्नलिखित में से किन्ही दो पद्यांशो की सन्दर्भ एवं प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :– **(4+4=8)**

(अ) खैर, खून, खांसी, खुशी, बैर, प्रीत, मद्पान।
रहिमन दाबे न दबे, जानत सकल जहान।।

(ब) काहू को माखन चाखि गयो अरु काहू को दूध दही ठरकायो।
काहू को चीर ले रुख चढ़यो, अरु काहू को गुंज झरा छतरायो।।
मानै नहीं बरजे रसखात सुजानों ही राज इन्हे घर आयो।
आउरी बूझै जसोमति सो यह छोहरा जायो की भय उपजायो।

(स) भर रही कोकिला इधर तान, मारु बाजे पर उधर गान
है रंग और रण का विधान मिलने आये है आदि अन्त
वीरो का कैसा हो बसंत?

प्र.17 निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्ही दो की सन्दर्भ व प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :– **(4+4=8)**

(अ) बस का इंजन किसी अफसर के दिमाग की तरह गर्म हो गया था। उसे शांत करने के लिए ठंडा पानी डाला गया। लगा किसी नब्बे वर्ष के मंत्री को आक्सीजन दी जा रही है।

(ब) मुझे पता है कि में अधिक दिन जिन्दा नहीं रहूँगी। लेकिन जब मरना है तो अपने लिए घिन से भरे इस सरकारी मकान में क्यों मरुँ? क्यो न अपने पुश्तैनी घर की गोद में सिर डाल कर चुपचाप सो जाऊँ''।

(स) ''ऐसे लोग जो मानवीय उपलब्धियो से नवाकिफ, विज्ञान के चमत्कारों से अनभिज्ञ तथा मानवीय उपलब्धियों के कारण समाज में आ रहे बदलाव से एकदम बेखबर अपनी दुनिया में रमे हैं।

प्र.18 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़ कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

''मानव का अकारण ही मानव के प्रति अनुदार हो उठना न केवल मानवता के लिए लज्जाजनक है, वरना अनुचित भी है। वस्तुतः यथार्थ मनुष्य वही है जो मानवता का आदर करना जानता है, कर सकता है। केवल इसलिए कि कोई मनुष्य बुद्धिहीन है अथवा दरिद्र वह घृणा का तो दूर रहा, उपेक्षा का भी पात्र नहीं होना चाहिए। मानव तो इसलिए सम्मान के योग्य है कि वह मानव है, भगवान की सर्व श्रेष्ठ रचना है''।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। **(1)**

(ख) यथार्थ मनुष्य किसे कहा गया है? **(2)**

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए। **(2)**

mpcareer.in

प्र.19 चारित्रिक प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए अपनी संस्था के प्राचार्य को एक आवेदन पत्र लिखिए। **(5)**

**अथवा**

अपने क्षेत्र में बिजली संकट से उत्पन्न कढिनाइयो का वर्णन करते हुए प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संम्पादक के नाम पत्र लिखिए।

प्र.20 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए :– **(8)**

(1) नवीनतम वैज्ञानिक अविष्कार

(2) पर्यावरण प्रदूषण की समस्या

(3) दहेज एक सामाजिक समस्या

(4) साहित्य और समाज

(5) समाज में नारी का स्थान

..................................................

mpcareer.in